तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025

10 दुर्गा प्रतिमा दर्शन करने पहुंचे परसापाली...

12 भक्ति भाव में भक्तन डूबे




नवरात्रि विशेष



## पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

### अस्पताल में आग लगने की स्थिति का भी अभ्यास

# बाढ़ आपदा से निपटने बालसमुंद जलाशय में किया गया काल्पनिक अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत सरकार राष्ट्रीय अपादा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाढ़ आपदा से बचाव प्रशिक्षण हेतु गुरुवार को बालसमुंद जलाशय पलारी में जिला स्तर पर काल्पनिक अभ्यास किया गया। इस काल्पनिक अभ्यास में एसडीआरएफ टीम, मेडिकल टीम सहित विभिन्न विभागों द्वारा भाग लिया गया।

पहला अभ्यास भारी बारिश के कारण जलमग्न होने से एक टापू पर फंसे 5 ग्रामीणों की रेस्क्यू एवं दूसरा नदी में डूबते हुए ग्रामीण की रेस्क्यू का किया गया। इस दौरान जिला आपदा प्रबंधन के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त कलेक्टर अवध राम टंडन सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### टापू पर फंसे ग्रामीणों और नदी में डूबते व्यक्ति का रेस्क्यू कर दिखाया आपदा से निपटने का मॉडल







### निर्देश मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम

भारी बारिश में टापू में फंसे होने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन एवं जिला आपदा प्रबंधन टीम द्वारा रेस्क्यू अभियान के लिए टीमों को मौक़े पर पहुंचने के निर्देश दिये गए। एसडीआरएफ, पुलिस, होमगार्ड, राजस्व, मेडिकल सहित अन्य विभाग की टीम मौक़े पर पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम लाइफ जैकेट एवं अन्य साजो-सामान के साथ मोटर बोट में रेस्क्यू के लिए रवाना हुए। टापू में पहुंचकर ग्रामीणों को मोटर बोट में बैठाकर लाया गया। ग्रामीणो की मेडिकल जांच के पश्चात सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

### नदी में डूबते ग्रामीण का किया रेस्क्यू

इसके बाद नदी में डूबते हुए ग्रामीण की रेस्क्यू का अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन किया गया। अभ्यास के पश्चात सभी विभाग के अधिकारियों के द्वारा बारी -बारी से आपदा प्रबंधन के दौरान विभागीय गतिविधियों, कार्यवाहियों की जानकारी दी गई।

### मातृ एवं शिशु अस्पताल में हुआ आपदा प्रबंधन का काल्पनिक अभ्यास

आपदा प्रबंधन का काल्पनिक अभ्यास जिला अस्पताल परिसर स्थित मातृ एवं शिशु अस्पताल में भी किया गया। यहां अस्पताल में आग लगने की घटना में अग्निशामक वाहन एवं दमकल टीम द्वारा आग पर काबू पाना एवं अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों एवं घायलों को अन्य भवन में शिफ्टिंग, जांच, ईलाज एवं अन्य प्रबंधनों का अभ्यास किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, एसडीएम प्रकाश कोरी, सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सांसद खेल महोत्सव के लिए बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ 6 अक्टूबर तक ऑनलाइन पंजीयन

सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक लगभग 13 विधाओं में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले के सिमगा, भाटापारा एवं बलौदाबाजार में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 7 से 11 अक्टूबर 2025 तक़ होंगे। जिले में सांसद खेल महोत्सव आयोजन के सम्बन्ध में गुरुवार को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर बेहतर आयोजन हेतु जरुरी निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाटापारा नगरपालिका अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 11 पर



### 13 विधाओं में होगी स्पर्धा

सांसद खेल महोत्सव में पुरुष एवं महिला वर्ग एवं 9 से 19 वर्ष एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इसमें खो-खो, कुश्ती, बालीबॉल, भारोत्तोलन, तैराकी, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगड़ी, कबड्डी, गेड़ी दौड़, रस्सा -कस्सी एवं रस्सी कूद खेल में प्रतियोगिता होगी। विकासखंड स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र में से प्रत्येक खेल से आयु वर्गवार महिला एवं पुरुष विजेता प्रतिभागी एवं दल का चयन किया जाएगा। तृतीय चरण में लोकसभा रायपुर क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड स्तर पर विजेता खिलाडी रायपुर लोकसभा क्षेत्र सांसद खेल महोत्सव 2025 में शामिल होंगे।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302



## खबर संक्षेप

### प्रणम्य बने सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश सचिव



**बलौदाबाजार।** युवा समाजसेवी के सामाजिक कार्य को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के मार्गदर्शन निर्देशानुसार एवं सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी के अनुशंसा पर सर्व ब्राह्मण युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शर्मा ने युवा समाजसेवी प्रणम्य पांडेय को राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किया गया है।

### राष्ट्रीय पोषण माह पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**हथबंद।** सिमगा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसा में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान और सेक्टर हथबंद की सुपरवाइजर लक्ष्मी नायक के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्र भैंसा में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पौष्टिक आहार खाओ, कुपोषण दूर भगाओ विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत भैंसा के सरपंच हरीश वैष्णव ने संतुलित आहार, स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामवासियों को प्रेरित किया। ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अंत में, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे जनहितकारी प्रयासों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

### हरिनभट्ठा में गौ माता ने दो बछड़े को जन्म दिया



**भवानीपुर।** ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा के शासकीय गौठान में दोपहर को एक गाय ने दो जुड़वा बछड़े को जन्म दिया और दोनों स्वस्थ हैं जिसकी सूचना चरवाहा शंकर यादव ने तत्काल सरपंच पूनम रोहित श्रेय को दया उन्होंने तत्काल पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारी मुकेश कनौजे दिया उन्होंने तत्काल उपस्थित होकर गाय एवं बछड़े का भी उपचार किया उन्होंने कहा कि दोनों बछड़े स्वस्थ हैं। इन्हें देखभाल की की जरूरत है जिसकी सूचना गांव में मिलते ही गांव के लोग एवं आसपास के लोग देखने के लिए पहुंच गए कई व्यक्ति गौ माता का पूजा अर्चना भी किया रोहित श्रेय ने बताया कि उनकी देखभाल अच्छा से हम सभी करेंगे आसपास के लोग दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं कई व्यक्ति नवरात्रि का पर्व है तो माता का अनोखी लीला कह रहे हैं।

### आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम को लेकर मंडल बैठक आज

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार ग्रामीण मंडल की बैठक आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के संबंध में आगामी 27 सितंबर को आयोजित की जाएगी। यह बैठक ग्राम लटुवा स्थित मंडी प्रांगण, नायक तांड लटुवा में दोपहर 11:30 बजे से होगी। बैठक में मार्गदर्शन देने हेतु क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा तथा आत्मनिर्भर भारत के मंडल प्रभारी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मंडल में निवासरत जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष, प्रत्येक बूथ के 25 सदस्य, पंच-सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित मंडल क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है। सभी बूथ अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने मतदान केंद्र के बीएलओ-2 के साथ उसका आधार कार्ड और एक पासपोर्ट साइज फोटो लेकर अनिवार्य रूप से बैठक में शामिल हों।

### दूसरी बार गोपी अध्यक्ष, मुंशी बनें उपाध्यक्ष

# नगर साहू संघ पलारी का निर्विरोध हुआ निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



गुरुवार को साहू भवन में नगर साहू संघ पलारी के पदाधिकारियों का लगातार दूसरी बार भी निर्विरोध चयन हुआ, जिसमें गोपी साहू अध्यक्ष और मुंशी साहू पुनः उपाध्यक्ष मनोनीत किये गए। नामांकन की प्रक्रिया सुबह 09 बजे सह निर्वाचन अधिकारी महेंद्र मोनू साहू सहायक निर्वाचन अधिकारी जगदीश साहू पीठासीन अधिकारी हेमकुमार साहू, दिलीप साहू के समक्ष सभी दावेदारों ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया। अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष पद के लिए एक एक व संगठन सचिव पुरुष पद के दो आवेदन प्राप्त हुए। संगठन सचिव में एक ने अपना नाम वापस लिया। इस तरह स्कूटनी के पश्चात सभी निर्वाचन अधिकारियों ने परिणामों की घोषणा की। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए गोपी साहू, उपाध्यक्ष मुंशी साहू और कौशिल्या साहू,संगठन सचिव तोषण साहू व जीरा बाई साहू सभी निर्विरोध निर्वाचित हुई। इस पूरी प्रक्रिया में सभी निर्वाचन अधिकारियों ने पूरी पारदर्शिता के साथ निर्वाचन संपन्न करवाया और निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया।कार्यक्रम का संचालन सहायक निर्वाचन अधिकारी जगदीश साहू व आभार प्रदर्शन शिक्षक दिनेश साहू ने किया। उक्त अवसर पर बृजमोहन साहू, दिनेश कुमार साहू, धन्नू साहू, मानसिंग साहू, मोहन लाल साहू, यमलोक साहू, साधराम साहू, श्याम सुंदर साहू, मन्नू लाल साहू, राजेन्द्र साहू, दौलतराम साहू, ऋषि साहू, खोमेश साहू, राधेचरण साहू, नीरा साहू, पार्वती साहू सहित समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### डोमन बने साहू समाज भवानीपुर परिक्षेत्र के अध्यक्ष

**भवानीपुर।** तहसील साहू संघ पलारी के अंतर्गत भवानीपुर परिक्षेत्र का चुनाव सम्पन्न हुआ । साहू भवन भवानीपुर में सुबह 9 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई और शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो गया समाजजनों में चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कुल 122



मतदाताओं ने मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। इस बार चुनाव में कुल पांच पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिनमें से दो पद निर्विरोध रहे, जबकि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संगठन सचिव पदों पर मतदान हुआ। अध्यक्ष पद डोमन साहू सर्वाधिक मत पाकर अध्यक्ष निर्वाचित हुए और वे विजयी घोषित हुए।उपाध्यक्ष पद पर पुरुष वर्ग से रामकिशन साहू निर्वाचित हुए। संगठन सचिव पुरुष पद पर दीपक साहू ने जीत दर्ज की। महिला संगठन सचिव के लिए मीनाक्षी साहू, शकुंतला साहू ने फॉर्म डाला जिसमें शकुंतला साहू ने निर्विरोध निर्वाचित हुईं। चुनाव अधिकारी रोहित साहू द्वारा सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव के बाद परिणाम घोषित होने पर पूरे समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण बना रहा। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाजजनों का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। चुनाव उपरांत वरिष्ठ समाजसेवी पलारी तहसील अध्यक्ष रोहित साहू, तहसील उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू तहसील सचिव महेंद्र मोनू साहू महिला उपाध्यक्ष मिथिलेश मुकेश साहू जिला मीडिया प्रभारी केशव साहू अमृता साहू उमाशंकर साहू, सीताराम साहू, संजू साहू, डोमार साहू, धनेश्वर साहू, धन्नू साहू ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दीं।

# सिंचाई पानी व बिजली संकट पर भूपेश बघेल का हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



रतनपुर महामाया मंदिर दर्शन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ग्राम चंदेरी में गर्मजोशी से स्वागत हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं पूर्व मुख्यमंत्री के सामने रखीं। बघेल ने सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया और जनता से संगठित होकर लड़ने का आह्वान किया।

किसानों ने खोली सरकार की पोल ग्राम चंदेरी में पहुंचे भूपेश बघेल ने किसानों से बातचीत में जाना कि धान की फसल में फैलती बीमारी, खाद की कमी और बिजली संकट से वे बेहद परेशान हैं। किसानों ने बताया कि एग्री-स्टैक प्रणाली और नए पंजीयन की जटिलताओं के चलते हजारों किसान सरकारी खरीदी से वंचित हो सकते हैं। वहीं, ग्रामीणों ने बढ़ते बिजली बिल और अघोषित बिजली कटौती को लेकर भी नाराजगी जताई। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बघेल ने कहा — /"हमने हाफ बिजली बिल योजना दी थी, अब लोग पूरे झटके झेल रहे हैं। भाजपा सरकार सिर्फ जश्न में डूबी है, जबकि किसान पानी-बिजली के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

#### जीएसटी उत्सव पर उठे सवाल

भूपेश बघेल ने राज्य सरकार के 'जीएसटी उत्सव' पर तंज कसते हुए कहा कि जब व्यापारी टैक्स, रिटर्न और जुर्माने से परेशान हैं, तो यह उत्सव जनता के ज़ख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने व्यापारियों को राहत देने के लिए कई उपाय किए थे, लेकिन मौजूदा सरकार ने केवल कठिनाई और बोझ बढ़ाया है। उन्होंने व्यापारियों और किसानों से संगठित विरोध की अपील की और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस उनके साथ हर मोर्चे पर खड़ी है हम सड़क से लेकर विधानसभा तक आवाज़ उठाते रहेंगे।

#### बड़ी संख्या में कांग्रेसजन रहे मौजूद

गिरीश देवांगन, सुशील सन्नी अग्रवाल, सुशील शर्मा, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, राम गिडलानी, शिव सिंह, दिवाकर मिश्रा, राजमहंत मोहन गायकवाड, सरपंच रंजीत सोनवानी, हीरालाल साहू, मांधाता साहू, रमेश धृतलहरे, दिनेश साहू, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, अजीत भट्ट, संतोष सोनी, सचिन्द्र शर्मा, भीषम साहू, भिखारी गहरे, श्यामलाल देवांगन, हिम्मत शर्मा, साहिल मसीह, प्रेम साहू, विष्णु कोसले, अय्यूब खान, दीपक वर्मा, गोलू पाटकर, इनदरमन साहू, त्रिदेव साहू सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल रहे।

## दुर्गा प्रतिमा दर्शन करने पहुंचे परसापाली बरदा के श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

शारदीय नवरात्रि की पावन पर्व पर जगह-जगह विराजे मां दुर्गा की प्रतिमा जिसमें राज्य में प्रसिद्ध मानी जानी जगह नैला चांपा में इन दिनों सजावट व भव्य दुर्गा की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। जिसे दर्शन करने छत्तीसगढ़ के चारों ओर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं जिसमें परसापाली के दर्शनार्थी तुलाराम वर्मा, रवि नारायण वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, पुरन वर्मा, उमेश्वर वर्मा, हरेंद्र वर्मा, सूमेर वर्मा, कमल दास मानिकपुरी वह बरदा से पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रमेश वर्मा, गोविंद वर्मा, सहित श्रद्धालु जन पहुंच रहे हैं ।

## मनरेगा रोजगार सहायकों ने कलेक्टर कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली



- अन्य विभागों के कार्यों में बाधित हो रही मनरेगा की मूल सेवा

मनरेगा कार्य के लिये संविदा पर नियुक्त रोजगार सहायक मनरेगा के अलावा अब अन्य विभाग के कार्य नही करने की ज्ञापन रायपुर जिला रोजगार सहायक संघ ने 26 सितंबर शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय रायपुर ,मनरेगा आयुक्त को लिखित मे ज्ञापन सौंपा गया । जानकारी के अनुसार मनरेगा रोजगार सहायक संघ जिला रायपुर को मनरेगा, पीएम आवास मे मनरेगा के तहत 90 दिवस मजदूरी हेतू मस्टररोल का कार्य कर रहे हैं ।

परंतु इनके अलावा वय वंदना (आयुष्मान कार्ड) 70 वर्ष वालों का श्रम कार्ड, राजस्व कृषि विभाग से अब गिरदावरी करने का आदेश के साथ प्रशिक्षण लिया है तथा महतारी वंदन के तहत अब महतारी लोगों का ई केवाईसी करने का आदेश जारी हो गया है । मनरेगा योजना है जिसके तहत रोजगार सहायक कार्य कर रहे हैं परंतु अन्य विभाग के कार्यों को रायपुर जिला प्रशासन व मनरेगा प्रशासन द्वारा रोजगार सहायकों के लिये आदेश निकालकर कार्य लिया जा रहा है जब कि इन सभी विभागों मे प्रशासन के कर्मचारी नियुक्त है बावजूद रोजगार सहायकों से अन्य कार्य करवाया जा रहा है यह सौ फीसदी गलत है।शासन के इस तुगलकी फरमान से रायपुर जिला के तिल्दा, धरसींवा, आरंग व अभनपुर के ग्राम रोजगार सहायक संघ ने परेशान होकर रोष व्याप्त करते हुए मनरेगा के अलावा अन्य कार्य नहीं करने हेतु 26 सितंबर को जिला रायपुर कलेक्टर कार्यालय एवं मनरेगा आयुक्त के नाम लिखित मे ज्ञापन सौंपा गया है ।

## नपाध्यक्ष ने कराई स्कूली बच्चों की जांच लगभग 50 बच्चों को उपलब्ध कराया चश्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किया आयोजन

स्थानीय चक्रपाणि शुक्ला शासकीय हाई स्कूल में अध्ययनरत स्कूली बच्चों को अल्प दृष्टि दोष की समस्या होने परीक्षण उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा चश्मा का वितरण किया गया। स्कूल के सभा अध्यक्ष में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा उन बच्चों का चेकअप कराया गया जिन्हें हल्का सर में दर्द अथवा धुंधला या दूर पास का नहीं दिखता है, उन बच्चों को चश्में का वितरण कराया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बच्चों को चश्मा वितरित करते हुए कहा कि छात्र जीवन सबसे अच्छा व तनाव रहित जीवन होता है, यह आयु खूब पढ़ने और भरपूर खेलने वाली उम्र होती है, पर सभी को अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना है, और शिक्षा के क्षेत्र में भी अच्छे से पढ़ाई करना है। इस दौरान लगभग 50 बच्चों को चश्मा का वितरण किया गया नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले ने भी स्कूली बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी व चश्मा वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडी सचिव एवं भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य जयनारायण केशरवानी व शाला की प्राचार्य वंदिनी मेम के द्वारा भी चश्मा वितरण किया गया, आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा विभाग के स्टाफ व स्कूल के अध्यापक गण उपस्थित थे।

## खम्हरिया में गरबा-डांडिया महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर




डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, खम्हरिया के परिसर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर ऐसा नजारा देखने को मिला मानो पूरा विद्यालय रंग, रोशनी और ताल से सराबोर हो गया हो। गरबा एवं डांडिया महोत्सव में छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे फैंसी ड्रेस पहनकर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। वहीं बड़े बच्चों ने पारंपरिक गरबा परिधान पहनकर झिलमिल रोशनी और मधुर संगीत की लय पर ऐसा मनमोहक गरबा व डांडिया प्रस्तुत किया कि दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर हो गए।

कार्यक्रम का आकर्षण केवल गरबा-डांडिया तक ही सीमित नहीं रहा। बच्चों ने माँ दुर्गा की भव्य झांकी भी प्रस्तुत की, जिसने पूरे माहौल को धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा से भर दिया। इस झांकी ने दर्शकों का मन मोह लिया और वातावरण में भक्ति की गूंज फैल गई। विशेष बात यह रही कि शिक्षकगण भी गरबा की ताल पर थिरक उठे और बच्चों के साथ डांडिया का भरपूर आनंद लिया। पूरा विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों से जगमगा उठा। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की सहभागिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन न केवल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, उत्साह और टीम भावना को प्रबल करते हैं, बल्कि उन्हें अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति और परंपराओं से भी जोड़ते हैं।

## फार्मासिस्ट दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर जिले के समस्त फार्मासिस्टों का सम्मान समारोह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलौदाबाजार के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

अस्पतालों में दवा वितरण, प्रबंधन एवं समुचित व्यवस्था के लिए फार्मासिस्टों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस वर्ष फार्मासिस्ट दिवस पर स्वास्थ्य की सोंचे तो फार्मासिस्ट को सोंचें नामक थीम रखा गया था जिसके अंतर्गत मरीजों की काउंसिलिंग, सही दवा, सही मात्रा, पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला अस्पताल बलौदाबाजार से फार्मासिस्ट ममता गोस्वामी, फार्मासिस्ट नेतराम वर्मा को, सिविल अस्पताल भाटापारा से फार्मासिस्ट नितिन डहरिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला से फार्मासिस्ट तुलसी निषाद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन से फार्मासिस्ट रोशन मानिकपुरी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. अवस्थी ने कहा कि फार्मासिस्ट डॉक्टर और मरीज के बीच की मजबूत कड़ी है, फार्मासिस्ट केवल एक प्रोफेशन नहीं है वरन सेवा क्षेत्र का स्तंभ है। डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि फार्मासिस्ट डॉक्टर का ब्रेन रीडर है जो डॉक्टर के मन की बात शत प्रतिशत समझते हुए मरीजों के उपचार में सहायक सिद्ध होता है। इस अवसर पर जिला स्टोर प्रभारी डॉ. कल्याण सिंह कुरुवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, जिला अस्पताल सलाहकार रीना सलूजा सहित जिला स्टोर शाखा प्रमुख भानुप्रताप वर्मा, भुवन साहू, पुरुषोत्तम देवांगन, राकेश करेबिया, विकास चंद्राकर, यामेंद्र साहू, हेमलता परगनिहा, वंदना, वीरेंद्र देवांगन, देवेंद्र बंजारे, बोधराम साहू सहित जिले के।सभी फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

### संघ ने कलेक्टर और स्वास्थ्य मंत्री के प्रति जताया आभार

# मितानिनों के मानदेय में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवां



अंचल के मितानिनों ने मानदेय में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर और स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार जताया है। मितानिनों ने जिला कलेक्टर एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय उनके उत्साह और सेवाभाव को और मजबूती मिलेगी। मानदेय बढ़ोतरी की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में मितानिनों ने खुशी साझा की। बढ़ोतरी के बाद जिलेभर की मितानिनों ने भरोसा दिलाया कि वे आगे भी पूरे समर्पण और जिम्मेदारी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देती रहेंगी।

अंचल के सत्यवती साहू, हेमलता धिरहे, हेमलता सोनवानी, जानकी, सवरीन, हिरा बजारे, सुमीता मरकण्डे, उमादेवी साहू, अहिल्या साहू, तुलसा जायसवाल, ईश्वरी साहू, बिमला चौहान, मीना साहू, गीता प्रेमी, सहजादी, उषा साहू, मीना मानिकपुरी, ललिता लहरे, समीना, सरिता जायसवाल, मीता राकेश, सावित्री, कांति साहू, चंद्रिका साहू, कमला साहू, शैलेंद्री मानिकपुरी, पार्वती साहू, मालती साहू, शांतिबाई आदित्य, रामायन बाई, जमुनाबाई साहू, चंद्रिका बाई साहू, गंगा कुर्रे, यशोदा जोशी, अंजूलता निराला, राहिन सोनवानी, सावित्री साहू, रमा देवी वैष्णव, लता साहू, शकुन्तला बंजारे, सेतकुमारी वारे, रमेशकुमारी बजारे, सजनी वारे, मोहरबाई रात्रे, बुदेश्वरी अजय, उमहन चौहान, सेवती ठंडन, खोना बाई मांझी, ममता बंजारे, नानु बाई बंजारे, द्रोपती साहू, हलना बाई, संतोषी भारती, प्रभा बंजारे, बद्रिका खूंटे, संतोषी टंडन, राजिन अजाद आदि ने शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किए।

## छात्रों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



सेवा पर्व के तहत वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देश पर सोनाखान परिक्षेत्र के कोसमसरा सर्किल अंतर्गत बीट उत्तर झालपानी में गुरुवार को जल-जंगल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक शाला झालपानी के विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर बच्चों को वनों का महत्व जल एवं प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा,एल जल संकट के बढ़ते प्रभाव और प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि कैसे प्रत्येक नागरिक का छोटा प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।सक्रिय भागीदारी की शपथ कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वनों वन्य प्राणियों और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही बच्चों को विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की शपथ भी दिलाई गई।

## खबर संक्षेप



### अंडर-19 रग्बी प्रतियोगिता में वैदेही का शानदार प्रदर्शन

**सेल।** जगदलपुर में आयोजित 25वीं स्कूल राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी माध्यम सेल की कक्षा 9 वीं की छात्रा वैदेही सोनी एवं टीम ने अंडर-19 रग्बी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वैदेही की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने गर्व व्यक्त किया। प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन, व्यायाम शिक्षक गवेश चंद्र हिरवानी, वरिष्ठ व्याख्याता रोहित लाल साहू, हरप्रसाद साहू, कसडोल के वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक आलोक मिश्रा, संतोष साहू, जे.आर बारले, राजकुमार, संजीव कुमार ध्रुव, अशिम राज सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### वटगन में हार्डवेयर व्यवसायी की मोटरसाइकिल ले गए चोर



**घोटिया।** पलारी थाना अंतर्गत ग्राम वटगन में बघेल ट्रेडर्स नामक हार्डवेयर दुकान संचालक की मोटर साइकिल की चोरों ने पार कर दिया है। संचालक ने बताया कि 24 सितंबर की रात करीब 11 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल पल्सर N 160 (CG 04 PE 5329), जो उनके बेटे चंदन बघेल के नाम से पंजीकृत है, को घर- दुकान के सामने खड़ी की थी। सुबह करीब 6 बजे जब उन्होंने बाहर देखा तो मोटरसाइकिल वहां मौजूद नहीं थी। आसपास तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। चोरी हुई बाइक का इंजन नंबर PDXCPM97749 और चेचिस नंबर MD 2B54DXXPCM 79037 है। वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 45 हजार रुपये बताई गई है। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने भी घटना को गंभीर मानते हुए चोरों की गिरफ्तारी और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### ब्लाक इकाई तिल्दा के कैलाश बघेल बने निर्विरोध अध्यक्ष



**खरोरा।** राज्य के सबसे बड़े कर्मचारी संगठन छग सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षक फेडरेशन के सबसे मजबूत ब्लॉक इकाई तिल्दा के ब्लॉक अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ जिसमें पूर्व में सचिव की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे कैलाश बघेल को निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अध्यक्ष बनने से ब्लॉक के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं में उत्साह है। इनका कहना है कि अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सही और कर्मशील व्यक्ति के हाथों में सौंपी गई है।

पेज 9 का शेष

### सांसद खेल महोत्सव ...

अश्वनी शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित विभिन्न विभागों के अधिकरी उपस्थित थे। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य खेल एवं फिट इंडिया का वातावरण बनाना तथा ग्रामीणों में खेल के प्रति उत्साह व रूचि पैदा करना है। उन्होने कहा कि बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के तीन विकासखंड रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आते है। तीनो विकासखंड से अधिक से अधिक संख्या में लोगों का पंजीयन कराएं। क्यूआर कोड से ऑनलाइन पंजीयन 6 अक्टूबर तक करा सकते हैं। उन्होंने अलग -अलग खेल के लिए तीनो विकासखंड में स्थान चिन्हांकित करने तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस खेल महोत्सव में निजी स्कूल, कॉलेज, औद्योगिक प्रतिष्ठानों को भी सक्रिय भागीदारी करने कहा।

# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की दुर्दशा पर कांग्रेस का अल्टीमेटम

## गिरौदपुरी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, विभागीय लापरवाही पर जताई नाराज़गी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

■ 10 दिन में मरम्मत नहीं हुई तो होगा चक्का जाम

गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की खस्ताहाल सड़कों और जानलेवा गड्ढों को लेकर क्षेत्र में भारी रोष है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस गिधौरी मंडल अध्यक्ष तुलेशवर वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गिरौदपुरी एसडीएम को लिखित ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर सड़क मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया, तो गिधौरी चौक पर शांतिपूर्ण चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा।



### नेताओं की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

कांग्रेस मंडल अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि नेता और मंत्री इस गंभीर मुद्दे पर मौन हैं, जबकि उन्हें चाहिए कि वे अधिकारियों को फटकार लगाएं और तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन और सत्ताधारी दल की मौन सहमति से ही सिस्टम में लापरवाही घर कर चुकी है।

यह मार्ग धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो कई जिलों को जोड़ता है। लेकिन सड़क की वर्तमान स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि आम नागरिकों, स्कूल के बच्चों और राहगीरों को रोज़ दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ ने रास्ता पूरी तरह से असुरक्षित और असुविधाजनक बना दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदारों को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सड़क पांच साल की गारंटी योजना के अंतर्गत बनी थी, लेकिन अब हालत ऐसी हो गई है जैसे यह किसी गांव की उपेक्षित कच्ची सड़क हो।

## अभियान : रजत जयंती समारोह-2025: स्वछता पखवाड़ा पर सफाई कार्यक्रम

# नपाध्यक्ष अशोक व पार्षदों ने श्रमदान कर की सोलहा तालाब की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार

रजत जयन्ती समारोह - 2025 जीरो वेस्ट कार्यक्रम के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा नगरपालिका के द्वारा स्थानीय सोलहा तालाब जाने वाले मार्ग तालाब पार व घाट के आस पास सघन रूप से स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित कर श्रमदान करते हुए सफाई का कार्य किया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा स्वछता अभियान कार्यक्रम के दौरान स्वयं से सफाई का कार्य करते हुए श्रमदान किया गया व लोगों को सफाई के प्रति जागरूक होने की बात कही गई , तब ही नगर को साफ एवम स्वच्छ रखा जा सकता है, साथ ही घरों व दुकानों से निकलने वाले कचरा को एकत्रित करके रखें,व नुक्कड़ अथवा बाहर कहीं भी न फेकें, और न ही जलाया करें जब कचरा गाड़ी तो उसमें देना सुनिश्चित करें। इस दौरान श्रमदान करते हुए शासन द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुरूप स्वछता पखवाड़ा में लोगों को जागरूक किये जाने सफाई अभियान चलाया जा रहा है, व विभिन्न गतिविधियों से लोगो मे जागरूक फैलाई जा रही है, स्वछता मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद आवश्यक है, इस दौरान दिए गए निर्देशों के अनुरूप नगरपालिका के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम में आवश्यक उपकरण व साधन संसाधन उपलब्ध कराया गया, जिससे दूषित कचरों की अच्छे से सफाई की जा सके।

स्वच्छता ही सेवा रजत जयंती समारोह स्वछता पखवाड़ा कार्यक्रम में सभापति पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना,सतीश पटेल, आदित्य गुप्ता,शेखर गुप्ता,सहित पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, पोषण पटेल, व अन्य अधिकारी व कर्मचारियों सहित मनिकन्चन की स्वछता दीदी व सफाई कर्मचारी के द्वारा श्रमदान करते हुए सफाई का कार्य किया गया।



### सेम्हराडीह में हुआ श्रमदान अभियान



बलौदाबाजार । स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार गुरुवार को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम सेम्हराडीह में एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता अभियान के तहत गांव में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वग्राहियों को कचरे का उचित निपटान, घर स्तर पर सूखा कचरा को अलग-अलग करना आदि की जानकारी दी गई। इसके साथ ही लोगों को स्वच्छता अपनाने, सामुदायिक स्वच्छता के लिए प्रेरित करने कहा गया। इस अवसर पर स्वच्छाग्रहियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जनपद सदस्य पवन साहू, सरपंच प्रमिला वर्मा, जनपद सीईओ फकीरचरण पटेल, जिला समन्वयक मुरलीकांत यदु पंचगण, सचिव, स्वच्छाग्रही दीदी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हुई चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

■ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत सलिहाघाट स्कूल में हुआ रचनात्मक आयोजन

रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सलिहाघाट द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता के साथ साथ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसमें स्वच्छता और नशा मुक्ति विषय पर आधारित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और काल्पनिक शक्ति के माध्यम से स्वच्छ भारत का सपना साकार करने तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया।

रंग-बिरंगे चित्रों और सारगर्भित निबंधों के माध्यम से छात्रों ने यह स्पष्ट किया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि जीवन शैली का हिस्सा होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के शिक्षकों और अभिभावकों व शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष सदस्य एवं संस्था प्रमुख अभय कुमार पांडेय सहयोगी राकेश श्रीवास ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया।साथ ही प्रधान पाठक कृष्ण लाल चंद्रा ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और नशा मुक्ति जैसे विषय समाज की प्रगति और आने वाली पीढ़ी के उज्वल भविष्य से जुड़े हुए हैं।

### शिक्षकों और समिति का रहा विशेष सहयोग

शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीराम पटेल, सरपंच उषा पटेल, उप सरपंच रामचरण पटेल ,रामायण पटेल, कार्तिक राम पटेल, रोहित खूंटे, संतोष पटेल, कांता पटेल व शिक्षकों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इसके साथ ही इस प्रतियोगिता में विशेष सहयोग करने वाले शिक्षक को भी प्रमाण पत्र दिया गया । संपूर्ण प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम का सफल बुद्धेश्वर कुमार कश्यप के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राकेश श्रीवास, कृष्ण लाल चंद्रा,कमल किशोर देवांगन,विजय कश्यप, सीमा शशि अभिभावक समस्त विद्यार्थी व एस एमसी सदस्य उपस्थित रहे।

## खुले में फेंके गए ब्लड सैंपल टेस्ट किट



**खरोरा ।** खरोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। स्थानीय लोगों की सूचना के अनुसार, अस्पताल के पास खाली मैदान में ब्लड सैंपल टेस्ट किट्स को खुले में फेंक दिया गया है। इनमें से कई किट्स का उपयोग गंभीर बीमारियों की जांच के लिए किया गया था, जिनमें हेपेटाइटिस सी, एचआईवी, और अन्य संक्रामक रोग शामिल हैं।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह किट्स बिना किसी सुरक्षा प्रोटोकॉल के कूड़े की तरह फेंकी गई थीं। कुछ सैंपल में अभी भी खून के अंश देखे गए, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा और अधिक बढ़ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के मेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकना न सिर्फ बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह आम जनता की सेहत को सीधा खतरा भी है। इससे आसपास के लोग, विशेषकर बच्चे, संक्रमण का शिकार हो सकते हैं।

## भालेसूर में मना राष्ट्रीय पोषण माह



**हिरमी रावन ।** सिंमगा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भालेसूर में बुधवार 25 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सरिता वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा टंडन, हेमलता वर्मा एवं सहायिका दुर्गा मानिकपूरी, सावित्री नायक के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाएं, शिशुवती माताएं और बच्चों के पालकगण शामिल हुए। इस दौरान पोषण, स्वच्छता, स्तनपान और प्रसव पूर्व देखभाल की जानकारी दी गई।कार्यक्रम का उद्देश्य जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखना और कुपोषण को दूर करना था। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से समाज को जागरूकता मिलती है।

## पलारी महाविद्यालय में मनाया गया एनएसएस स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में प्राचार्य के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य संयोजक एवं कार्यक्रम अधिकारी कोमल देवांगन रहे। कार्यक्रम में अतिथि जनभागीदारी के अध्यक्ष,सदस्य, पलारी थाना प्रभारी, साइबर सेल प्रभारी,एनएसएस पूर्व के छात्र एवं वटगन महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे । इस अवसर पर अतिथियों द्वारा एनएसएस स्थापना के महत्व एवं कार्य पर विस्तार में चर्चा किए छात्र /छात्राओं को व्यक्तित्व विकास कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने, सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेने ऐसे कई महत्वपूर्ण बातों को साझा किया ।

साइबर सेल प्रभारी एवं थाना प्रभारी द्वारा बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया एवं इससे कैसे बचा जा सकता है विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई । इस अवसर पर आत्माराम वर्मा, लक्ष्मीनारायण जलहरे, बीरेंद्र खरे, ईशाज्ञा मेश्राम,लकेश्वरी साहू, सोनम यादव, हेमलता वर्मा, एकलव्य सिदार, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक गेंदराम धीवर, योगेश कन्नौजे, शैलेंद्र साहू, किशन, मनीष, निलेश, अमन, विजय रिहान,अन्नपूर्णा, रेखा, ज्योति, लक्ष्मी त्रिपानी आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## वनग्राम धमनी में स्वास्थ्य के प्रति सजग करने चलाया गया नारी सशक्तिकरण अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की दिलाई गई शपथ

शुक्रवार को वन ग्राम धमनी के हाईस्कूल सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ्य नारी सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत महिलाओं, छात्राओं एवं मितानिनों को महिला सशक्तिकरण के संबंध में विस्तार से समझाते हुए आरएचओ संजय पैकरा ने जानकारी दिया दी। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली और स्वास्थ्य के मानकों को बनाए रखने के लिए शक्कर खाद्य तेलों के साथ-साथ नमक का प्रयोग कम हो, ई एन टी नेत्र रक्तचाप मधुमेह, मुख कैंसर स्तन कैंसर के प्रति सजग रहना आज जरूरी है। वहीं गर्भवतियों को जांच समय समय पर कराना, संस्थागत प्रसव हेतु अस्पताल आवश्यक हो गया है। आरएचओ पुष्पा बंजारे, एएनएम शकुंतला यदु द्वारा सभी किशोरी छात्राओं को विशेष रूप से मासिक धर्म और संबंधित जानकारी विस्तार से दिया गया। इस दौरान मितानिन लछनी बाई यादव, संतोषी यदु, अक्ती पटेल महिला कमांडो के महिलाएं सरिता पैकरा, माधुरी पैकरा, सत्या बाई यदु, हेमलता यदु, सरिता यादव, प्रमिला यदु, सुमित्रा पैकरा, चमेली निषाद, सुनिता पैकरा, सरपंच धमनी हरदयाल पैकरा, सचिव दिन दयाल कनौजे, वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव, प्राचार्य मुकेश चौहान, सीएचओ प्रदीप वर्मा ने भोजन के पूर्व शौच के बाद साबुन से हाथ को धोना अनिवार्य बतलाया। सभी ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने खानपान मे शुद्धता पर जोर दिया। अंत में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर सभी उपस्थितों को शपथ दिलाई गई।

## जय माता दी..



बगबुड़ा। ग्राम पंचायत बगबुड़ा के कुआं चौक।



बगबुड़ा। बंजार चौक धाराशिव ।



बगबुड़ा। ग्राम पंचायत बगबुड़ा का कुआं चौक ।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# राष्ट्रीय पोषण माह पर मोहरा आंबा केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम पंचायत मोहरा के अंतर्गत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र ने राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम ब्लॉक सिमगा सेक्टर, रावन के अंतर्गत मोहरा ग्राम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मोहरा की सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा, जनपद सदस्य पुष्पा चेलक, उप सरपंच चन्दन लाल डहरिया, सुखनंदन चेलक तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की सेक्टर पर्यवेक्षक चित्रलेखा सिरमौर उपस्थित रहीं।

चित्रलेखा सिरमौर ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष सितंबर से अक्टूबर तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस अवधि के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। उन्होंने आगे बताया कि चना, सोयाबीन, रागी, हरी सब्जियाँ, साग आदि पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन करना अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं – कौशल्या पुरेना, मीना वर्मा, चंद्रिका वर्मा, साहिका बिंदा वर्मा एवं मितानिन कुमारी वर्मा ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किए तथा पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## पोषण आहार, स्वच्छता और बच्चों के स्वास्थ्य पर दी गई विस्तृत जानकारी



### नियमित जांच पर हुई चर्चा

इस अवसर पर पोषण आहार, पूरक पोषण आहार, बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा नियमित वजन जाँच के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। तारिणी जवाहर वर्मा सरपंच ने उपस्थित हितग्राहियों को बच्चों के वजन और पोषण स्तर के बारे में जानकारी दी, जबकि सुखनंदन चेलक ने साग-सब्जियों के स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला और लोगों को जागरूक किया।






## खबर संक्षेप



### रोहरा में मना विश्व फार्मेसी दिवस

**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट डिप्लोमा इन फार्मेसी में बीते गुरूवार को विश्व फार्मेसी दिवस मनाया गया, जिसमें फार्मेसी के विद्यार्थियों ने जनता को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक, डायरिया के लिए स्लोगन, रैली निकाला और ग्राम रोहरा के बस स्टैंड में लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया एवं भूतपूर्व सरपंच श्रीमान अजय अग्रवाल ने खाटू श्याम मंदिर रोहरा में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम को संपन्न किया। जिसमें महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला संस्था की प्राचार्या गायत्री देवांगन और कार्यरत सभी सहा. प्राध्यापकों व कार्यालय स्टॉफ ने अपना सहभागिता प्रस्तुत किया।

### भारी वर्षा से प्राथमिक पाठशाला का परिसर जलमग्न



**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के प्राथमिक पाठशाला के परिसर में अधिक पानी भरने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई लिखाई बाधित हो गया है । अचानक अधिक वर्षा हो जाने के चलते एका एक परिसर में पानी एकत्रित हो गया शासन प्रशासन एवं स्थानी जनप्रतिनिधि की लापरवाही के चलते पानी स्थाई जमा हो गया यदि समय रहते हुए पानी का निकासी परिसर में साफ-साफाई करवाएं रहते तो या घटना नहीं होती। पालकों ने बताया कि यह पहली मर्तबा है जो इस तरीके से पानी जमा हो गया है ऐसा कभी परिसर में जमा कबी नहीं हुआ था जिसके चलते छात्र-छात्राएं की पढ़ाई लिखाई प्रवाहित हो रही है और पानी में जीव जंतु दिखाई दे रहे हैं जिसके चलते कोई अनहोनी का डर बना रहता है। पालकगण ने कहा की शासन-प्रशासन से अपील है कि तत्काल इसका हल निकाले जिससे छात्र-छात्राएं अपनी स्कूल में जाकर पढ़ाई लिखाई कर सके ।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 29 को

**महासमुंद।** गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी एक्ट) लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 की धारा (17) अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 29 सितंबर 2025 को दोपहर 12 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में आयोजित की गई है।

## पर्व : कन्या पूजन एवं भव्य भंडारे का होगा आयोजन

# जगह-जगह विराजीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन अवसर पर मां जगदंबा भवानी दुर्गा की प्रतिमा का भव्य स्थापना महामाया चौक में की गई। इस अवसर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे गांव का वातावरण जयकारों से गूंज उठा।

मां भवानी की पूजा-अर्चना का कार्य पंडा बाबा बबला ध्रुव एवं पुजारी विजय कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि विगत वर्षों से लगातार यह धार्मिक आयोजन ग्राम मुड़पार में धूमधाम से किया जाता आ रहा है। ग्राम के भाटा चौक, रामायण चौक, कटनी चौक एवं महामाया चौक—चारों स्थानों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। मंगलवार को मां चंद्रघंटा की विशेष आरती का आयोजन किया गया।

इस दौरान तनु एवं साहू ब्रदर्स ने बताया कि मां चंद्रघंटा शांति और शक्ति की प्रतिमूर्ति हैं और उनके आशीर्वाद से ग्रामवासी सुख-समृद्धि की ओर अग्रसर होते हैं। आयोजन समिति में अध्यक्ष नोहर वर्मा, उपाध्यक्ष टिकेश वर्मा, सचिव जीतू वर्मा सहित अनेक ग्रामवासी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर युवा समाजसेवी और ग्राम के विभिन्न प्रतिष्ठित नागरिक भी मौजूद रहे। नवरात्रि के तहत अष्टमी के दिन हवन, कन्या पूजन एवं भव्य भंडारे का आयोजन होगा। प्रतिदिन आरती व भजन-कीर्तन के बीच ग्रामवासी मां भवानी से सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं।



### भाटापारा में निकली मां दुर्गा की चैतन्य झांकी

भाटापारा। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर मां दुर्गा की चैतन्य झांकी का आयोजन स्थानीय संस्था भाग्य विधाता भवन, एल आई सी ऑफिस के पीछे, नरसिंह विहार विहार कॉलोनी तरेगा रोड भाटापारा में 27 सितंबर शनिवार से 1 अक्टूबर बुधवार तक प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित है। झांकी का विशेष आकर्षण मन की एकाग्रता का अद्भुत प्रदर्शन, ध्वनि और प्रकाश का अनोखा समन्वय है । साथ ही खुशनुमा जीवन शैली के लिए पांच दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 3 अक्टूबर प्रातः 7:30 बजे से 8:30 बजे एवं संध्या 6:30 से 7:30 बजे तक आयोजित है।

### भक्ति भाव में भक्तन डूबे

मुंडा । शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व का सोमवार से शुभारंभ हुआ है जिसमें दोपहर से रात्रि तक पंडितों के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ कर ज्योत प्रज्वलित किया गया । अनेकों भक्त अपने-अपने मनोरथ पूर्ण के लिए ज्योत जलाए गया । ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह विराजे मां दुर्गा की प्रतिमा जिसमें मुंडा के महामाया चौक, बाजार चौक, आदर्श ग्राम पलिया चौक में, बरदा के महामाया चौक, बाजार चौक पैजनी में इमली चौक, धूम दास चौक जुड़ा में, दुर्गा चौक, बजरंग चौक, नवापारा चौक कोलिहा में विनोद घर के पास सड़क पर दुर्गा चौक, रामायण चौक, गुड्डी चौक, सरवाड़ी में बस्ती चौक में, मां दुर्गा विराजित हुए हैं । सुबह शाम आरती व शाम होते ही मदार की थाप पर जस जवारा गीत के साथ सेवा किया जाता है जिसमें भक्ति भाव में लोग डूबे हुए हैं ।



### शीतला मंदिर में जलीं 360 मनोकामना ज्योत कलश



खरोरा । खरोरा नगर के शीतला मंदिर मे चैत्र नवरात्र पर माता के भक्त मां शीतला मंदिर पहुंचकर माता के अपने और अपनों के सुख शांति व समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांग रहे है वही मां काली मंदीर मे माता के दर्शन के लिए नगरवासी बड़ी संख्या माता के यहां मत्था टेक के आशीर्वाद ले रहे । मंदिर समिति के उपाध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया कि प्रति दिन माता के भक्त मंदिर पहुंच रहे है । वही शीतला मंदिर मे 360 मनोकामना ज्योति कलश माता के भक्तों द्वारा जलाया गया और प्रतिदिन जस गीत गान और महा आरती सुबह शाम मंदिर समिति और भक्तों द्वारा किया जा रहा है ।

### माता के गीतों से हो रहा गुंजायमान हैं दुर्गा पंडाल



अर्जुनी । आस्था आराधना का पर्व नवरात्र पर क्षेत्र में मंदिरों व पंडालों में विराजे मां दुर्गा की पूजा अर्चना भजन कीर्तन एवं जसगीतों से भक्तजन प्रतिदिन कर रहे हैं। ग्राम अर्जुनी में 06 स्थान में दुर्गा मां की प्रतिमा विराजित की गई है जिसमें नव दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक, नवदुर्गा उत्सव समिति विद्यानगर आजाद चौक, कटारे मोहल्ला वार्ड नंबर 2 धान उपार्जन केंद्र के पास रावण भाटा में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई है। दुर्गा उत्सव समिति द्वारा पंडालो को झालर लाइट से आकर्षक रूप से सजाया गया है महामाया मंदिर के संरक्षक लोभान सिंह रजक ने बताया कि महामाया मंदिर में 154 मनोकामना ज्योति कलश भक्तों द्वारा प्रज्वलित की गई है तो वही काली मंदिर में 286 ज्योति कलश मावली चौक में 07 शीतला मंदिर में 20 एवं शारदा चौक दुर्गा चौक गायत्री मंदिर आदिशक्ति चामुंडा देवी मंदिर में भी मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है।

# दतरेंगी के सूने मकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम दतरेंगी में एक सूने मकान में हुई चोरी के मामले में थाना गिधपुरी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना की जानकारी थाना प्रभारी संदीप बंजारे ने दी। प्रार्थी मनोज धृतलहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 सितंबर को वह घर से बाहर थे, जबकि उनकी पत्नी भी थोड़ी देर के लिए घर से बाहर गई थी। जब पत्नी वापस आईं तो उन्होंने देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ था और अलमारी का दरवाजा खुला था। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और 32,000 नकदी चोरी हो गई थी।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। इस दौरान दो संदिग्ध युवक-करण साहू (21) निवासी ग्राम अहिल्दा और चंद्रशेखर वर्मा (19) निवासी ग्राम कोरदा की पहचान हुई। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात को स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से सोने के 2 टॉप्स, 16,000 नकद और चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की। अपराध संख्या 111/2025 के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने का आदेश मिला। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक जेठू राम मनहरे और प्रताप बंजारे का विशेष योगदान रहा।

### जीएसटी बचत उत्सव में दिया वोकल फॉर लोकल का संदेश



**चिचोली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेन्द्र मोदी विचार मंच के छत्तीसगढ़- मध्यप्रदेश प्रदेश प्रभारी एवं उत्तरप्रदेश सह प्रभारी दास साहू तथा रायपुर जिलाध्यक्ष आशा देवी साहू के मुख्य आतिथ्य में जीएसटी बचत उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने किया। दास जी साहू ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी से व्यापारियों और आम जनता दोनों को बड़ी राहत मिली है। इस अवसर पर वोकल फॉर लोकल का संदेश देते हुए लोगों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान देने की अपील की गई।व्यापारियों व नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार जताया। कार्यक्रम में प्रदेश व जिला स्तर के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाटापारा में लगा पेंशन समाधान और सामग्री वितरण शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को जनपद कार्यालय सभाकक्ष भाटापारा में पेंशन समाधान एवं सामग्री वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 10 वृद्धाजनों को छड़ी व श्रवण यन्त्र वितरित किया गया। अतिथियों ने हितग्राहियों को पेंशन वितरण में होने वाली समस्या और उसके निराकरण के संबंध में चर्चा की गई तथा समस्या के समाधान हेतु जरुरी निर्देश दिये गए।

शिविर में नॉन डीबीटी से डीबीटी में स्थानांतरण, आधार सीडिंग, मोबाईल सीडिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, उपाध्यक्ष भोला वर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष संकेत अग्रवाल, उप संचालक सिनीवाली गोयल उपस्थित थे।

# गाय को बचाने के चक्कर में टैंकर पलटा, इथेनॉल रिसाव के चलते लगी आग, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ टैंकर चालक से भिड़े स्थानीय लोग

बिहार के आरा से जबलपुर जा रहे इथेनॉल से भरे टैंकर (पीबी 11 डीके 4904) के सिमगा के तिल्दा ओवरब्रिज पर पलटने से हाईवे पर भगदड़ मच गई। टैंकर चालक ने एक गाय को बचाने का प्रयास किया, जिसके कारण वाहन पलटा और इथेनॉल रिसाव के बाद आग लग गई। आग ने पूरे हाईवे को घंटों तक अपनी लपटों में जकड़ रखा, जिससे यातायात ठप हो गया। स्थानीय लोग चालक से झगड़ा करते नजर आए और बाद में आग ने सड़क किनारे नाली तक अपनी चपेट में ले लिया।



उसी समय दो तीन लोग आकर चालक से जबरन उलझने लगे कि कैसे तुमने बीच सड़क पर टैंकर पलटा दिया है कहकर मारपीट पर उतारू हो गए एवं टैंकर को जल्दी से हटा लो नहीं तो इसमें माचिस मार देंगे बोल रहे थे। जिससे वहां से डर कर भाग गया और थोड़े समय बाद आकर देखा तो टैंकर में आग लगी हुई थी और सड़क आग की गिरफ्त में आ गई थी। सड़क किनारे स्थित नाली में भी आग की लपेट दौड़ रही थी।

### स्थानीय प्रशासन की व्यवस्था रही लचर

बताते चलें कि घटना की जानकारी उपरांत थाना प्रभारी रितेश मिश्रा मौके पर पहुंचकर टैंकर में लगे आग की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी तथा यातायात व्यवस्था देखते रहें। वहीं एक घंटे बाद तक टैंकर में लगे आग पर नियंत्रण हेतु स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था नहीं कर पायी थी। जब आग की लपेटें शांत होने लगी तब अपोलो स्टील प्लांट एवं आस पास के प्लांटों से भी दमकल वाहन पहुंचे जहां पानी की जगह फोम केमिकल स्प्रे से टैंकर की आग बुझाई गयी। घटना स्थल के समीप ही पेट्रोल पंप है जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गए। इस संबंध थाना प्रभारी रितेश मिश्रा का कहना है कि अभी तक टैंकर चालक ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है । टैंकर में आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया है । जांच पड़ताल जारी है ।

## निधन

### माधव यादव



पलारी । वार्ड क्र 12 निवासी माधव यादव का निधन हो गया है जिसका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक सहित स्नेहीजन सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की वे मंजू यादव के पति, जतिन यादव, वैभवी यादव के पिता थे ।






# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत पंचायतों का विजन एक्शन प्लान तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत बगार, बोरसी, नंदनिया एवं परसदा में विलेज़ विजन एक्शन प्लान तैयार किया गयज्ञं एक्शन प्लान तैयार करने से पूर्व ग्रामीणों से ग्राम की समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया और ग्रामवासियों द्वारा बताई गई समस्याओं, मानचित्र एवं आदिसाथी के सहयोग से विलेज एक्शन प्लान में सम्मिलित किया गया। इस दौरान सभी आदि साथियों को आदि कर्मयोगी टी शर्ट एवं टोपी से सम्मानित किया गया।

आदि कर्मयोगी अभियान कार्यक्रम के तहत आदिम जाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से प्रतिनिधि के रूप में विजय लक्ष्मी तारा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरजदास मानिकपुरी, सरपंच, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ ही आदि सहयोगी भी उपस्थित रहे।











